an>

Title: Need to clean polluted ponds by setting up water treatment plants.

श्री राजकुमार सैनी (कुरुक्षेत्र) : मैडम, यह पूरे देश का मैटर है, आपने मुझे जीरो ऑवर में इसका जिक्र करने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आज पूरे देश में प्रदूषित जल निकासी की जो समस्या है, वह बहुत विकराल रूप धारण कर चुकी है। प्रधान मंत्री जी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है। परंतु देश के गांवों के तालाबों में सड़ रहे गंदे पानी की निकासी की एक बड़ी समस्या है, जो इसकी राह में एक रोड़ा बना हुआ है। पहले तालाबों का पानी मवेशियों के पीने और सिंचाई हेतु इस्तेमाल हो जाता था, परंतु अब तालाबों में शौचालयों का गंदा पानी जाने के कारण वह न तो मवेशियों के काबिल रहा है और न वह पानी सिंचाई के काबिल रहा, बल्कि वह बीमारियों को अलग से न्यौता दे रहा है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इस समस्या का समाधान पूरे देश के पैमाने पर किया जाए। आज यह केवल प्रदेश का विषय नहीं रहा, यह पूरे देश का विषय बन गया है। क्योंकि ज्यों-ज्यों हमने शौचालयों का इस्तेमाल करना शुरू किया है, उनमें से जो गंदा पानी जा रहा है, उसमें तरह-तरह के कैमिकल्स जा रहे हैं। इसलिए इस समस्या से निपटने के लिए पूरे देश में ही बड़ा विस्तृत सिस्टम लाया जाना चाहिए, जिससे तालाबों के सड़े हुए गंदे पानी से गांवों में होने वाली बीमारियों से निजात मिल सके। धन्यवाद।